Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding opening of some Railway Stations in Mangaldoi after covid and stoppage of Rajdhani Express at Rangia

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय उठाने का मौका दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मंगलदोई में कोविड के बाद ट्रेन संख्या 15895/15896 मुरकंगसेलेक-रंगिया एक्सप्रेस, 15613/15614 लाचित एक्सप्रेस, 15815/15816 इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन्स के कई स्टॉपेज गोरेस्वर, खोराबारी, टांगला, रोवत, मजबत आदि में अभी तक बंद हैं । मैं आपके माध्यम से रेल विभाग से माँग करूँगा कि इन स्टेशंस को जल्द खोला जाए ताकि लोगों को सुविधा मिल सके ।

मेरी दूसरी डिमांड है कि रंगिया में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का एक स्टॉपेज तत्काल हो । तीसरा, 40 लाख लोग, वेस्टर्न ओडिशा के लोग वहाँ पर हमारे क्षेत्र में रहते हैं । वेस्टर्न ओडिशा के लिए कोई डायरेक्ट रेल की कनेक्टिविटी नहीं है । इसीलिए डिब्रूगढ़ से जगदलपुर वाया रंगापाड़ा, रंगिया, संबलपुर, टिटलागढ़ होकर एक नई रेल उस क्षेत्र के लिए दी जाए । मैं रेल मंत्री जी से यही डिमांड करता हूँ । बहुत-बहुत धन्यवाद ।